दैनिक प्रातः कालीन
# क्यूँ न लिखूँ सच
हिन्दी-अंग्रेजी समाचार पत्र
मुरादाबाद से प्रकाशित
RNI NO-UPBIL/2021/83001
वर्ष :- 02 अंक :- 269 मुरादाबाद, 25 January 2023 (Wednesday) पृष्ठ :- 08 मूल्य : 3.00 रुपये
प्रसारित क्षेत्र-बरेली, पीलीभीत, बदायूं, कासगंज, एटा, अलीगढ, संभल, श्रावस्ती, अलीगढ और उत्तराखंड

## पैरोल पर आए गुरमीत राम रहीम ने बरनावा डेरे में तलवार से काटा केक, फोटो वायरल



राम रहीम ने डेरे के दूसरे संत शाह सतनाम के जन्मदिन पर बागपत स्थित बरनावा डेरे में तलवार से केक काटा। आपको बता दें कि राम रहीम को शाह सतनाम ने ही डेरे की गद्दी सौंपी थी। राम रहीम का तलवार से केक काटने का फोटो और वीडियो सोशल मीडिया पर खूब वायरल हो रहा है। रोहतक की सुनारिया जेल से तीसरी बार 40 दिन का पैरोल लेकर बरनावा आया डेरा सच्चा सौदा प्रमुख राम रहीम एक बार फिर सुर्खियों में हैं। राम रहीम ने डेरे के दूसरे संत शाह सतनाम के जन्मदिन पर बागपत स्थित बरनावा डेरे में तलवार से केक काटा। आपको बता दें कि राम रहीम को शाह सतनाम ने ही डेरे की गद्दी सौंपी थी। हत्या और दुष्कर्म के मामले में साल 2017 से उम्रकैद की सजा काट रहे पैरोल पर आए राम रहीम का तलवार से केक काटने का फोटो और वीडियो सोशल मीडिया पर खूब वायरल हो रहा है। तलवार से केक काटने को पूछने पर डेरे के सेवादार अनिल चावला ने कहा कि केक तलवार से नहीं बड़े चाकू से काटा गया है। इसके बाद वह हरियाणा के लोगों से ऑनलाइन सत्संग में जुड़ा। उधर, डेरा प्रमुख के आश्रम में काफी भीड़ जुटाई जा रही है, जबकि पुलिसकर्मी आराम से सो रहे हैं। इतना ही नहीं सीओ और इंस्पेक्टर भी सोमवार को राम रहीम से मिलने के लिए आश्रम के अंदर पहुंचे। दुष्कर्म व हत्या के मामले में उम्र कैद की सजा काट रहा डेरा प्रमुख तीसरी बार बरनावा के आश्रम में 40 दिन का पैरोल लेकर आया है।

### सीओ व बिनोली इंस्पेक्टर भी राम रहीम से मुलाकात करने पहुंचे

उसके साथ उसकी मुंह बोली बेटी हनीप्रीत और परिवार के सदस्य भी आए हैं। उधर, भले ही प्रशासन पैरोल के नियमों में बड़ा कार्यक्रम नहीं करने, आश्रम में भीड़ नहीं जुटाने को लेकर निर्देशित कर रहा हो, लेकिन स्थानीय पुलिस कर्मी डेरे के अंदर काफी भीड़ जुटाने में मदद करते नजर आ रहे हैं। डेरे के अंदर भीड़ जा रही है और पुलिस कर्मी सो रहे है। इतना ही नहीं सोमवार को सीओ बागपत देवेंद्र कुमार शर्मा व इंस्पेक्टर बिनौली सलीम अहमद भी डेरा प्रमुख से मिलने के लिए अंदर पहुंचे।

### डेरा पहुंचकर कार से किया था डेरे का भ्रमण

डेरा प्रमुख गुरमीत सिंह ने 40 दिन की पैराले के बाद आश्रम पहुंचकर सबसे पहले कार से संपूर्ण डेरे का भ्रमण किया। इस दौरान उसने खेती बाड़ी, जामुन के बाग, फुलवारी, कैंटीन, लंगर घर, पशुशाला को देखा और सेवादारों लोगों को साफ सफाई अभियान चलाने और कोविड के नियमों का पालन करने की बात कही।

### इससे पहले डेरा प्रमुख ने अडानी अंबानी पर किए कटाक्ष

गुरमीत सिंह राम रहीम ने रविवार को अपने यूट्यूब एकाउंट से ऑन लाइन आकर अडानी अंबानी पर कटाक्ष किए। उसने पाखंडों में विश्वास रखने वालों से कहा कि अडानी अंबानी से पूछना चाहिए उन्होंने क्या क्या दबा रखा है। जो इतनी तरक्की कर गए। पूछना चाहिए पक्का उन्होंने भी कुछ ना कुछ तो किया होगा। किसी पांव के नीचे या गेट के नीचे कुछ तो दबाया होगा। इस दौरान डेरा प्रमुख ने उनसे बुरा न मानने की अपील भी की।

## यूपी दिवस से बदली प्रदेश की पहचान, दंगों के प्रदेश से एक्सपोर्ट हब के रूप में उभरा उत्तर प्रदेश




लखनऊ के अवध शिल्प ग्राम में उत्तर प्रदेश दिवस के अवसर पर मंगलवार से तीन दिवसीय उत्सव का शुभारंभ हो गया है। इस मौके पर राज्यपाल आनंदीबेन पटेल व मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ सहित प्रदेश के कई गणमान्य लोग मौजूद रहे। राजधानी लखनऊ के अवध शिल्प ग्राम में उत्तर प्रदेश दिवस के उपलक्ष्य में आज से तीन दिवसीय उत्सव का प्रारंभ हो गया है। इस मौके पर राज्यपाल आनंदीबेन पटेल व मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ समेत राज्य के अलग-अलग क्षेत्रों के गणमान्य लोग मौजूद हैं। उत्सव में शिल्प मेला, प्रदर्शनियां, सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। उत्सव में मशहूर गायक कैलाश खैर, निरहुआ और भक्ति गायक कन्हैया मित्तल के गीत भी गूंजेंगे। इस मौके पर समारोह को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि उत्तर प्रदेश दिवस मनाने की शुरुआत 2017 में प्रदेश में डबल इंजन सरकार बनने के बाद से हुई। इस आयोजन से यूपी की सही तस्वीर उभरकर सामने आ रही है। पिछले पांच वर्षों की विकास यात्रा में यूपी की पहचान बदली है। 2017 के पहले प्रदेश दंगों के प्रदेश के रूप में जाना जाता था। अब प्रदेश की पहचान एक्सपोर्ट प्रदेश के रूप में हो रही है। मंगलवार सुबह राज्यपाल आनंदीबेन पटेल और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के अलावा उप मुख्य मंत्री ब्रजेश पाठक, कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही, पर्यटन मंत्री जयवीर सिंह, एमएसएमई मंत्री राकेश सचान एवं खेल मंत्री गिरीश चंद्र यादव भी कार्यक्रम में शामिल हुए। मंगलवार दोपहर एक बजे से रात आठ बजे तक उत्तर प्रदेश की विभिन्न बोलियों पर आधारित कवि सम्मेलन का आयोजन किया जाएगा। साथ ही भक्ति संगीत का आयोजन होगा, जिसमें कन्हैया मित्तल शामिल होंगे। दूसरे दिन, बुधवार को दूसरे राज्यों के कलाकारों की ओर से सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति, मोटा अनाज पर गोष्ठी, एसएसएमई, नई पयर्टन नीति, एग्रो एवं रूरल ईको टूरिज्म पर सेमिनार होगा। भोजपुरी सांस्कृतिक संध्या भी आयोजित की जाएगी, जिसमें मशहूर लोक गायक दिनेश लाल निरहुआ शामिल होंगे। तीसरे दिन बृहस्पतिवार शाम सात से 8.30 बजे तक प्रमाण पत्र वितरण के साथ कार्यक्रम का समापन होगा। समापन अवसर पर प्रख्यात गायक कैलाश खेर सूफी गायन पेश करेंगे।

## सेना के शौर्य पर कोई सवाल नहीं किया जा सकता... दिग्विजय के बयान पर बोले राहुल गांधी



कांग्रेस के दिग्गज नेता दिग्विजय सिंह के सर्जिकल स्ट्राइक पर दिए बयान ने राजनीतिक गलियारे में भूचाल मचा दिया है। बीजेपी की ओर से जारी कटाक्ष के बीच, जहां एक ओर कांग्रेस ने दिग्विजय सिंह के बयान से किनारा कर लिया था, तो वहीं आज मंगलवार को कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने भी इसे दिग्विजय का निजी बयान बताया। भारत जोड़ो यात्रा इन दिनों अपने आखिरी चरण के दौरान जम्मू-कश्मीर में है। मंगलवार को जम्मू-कश्मीर में राहुल गांधी ने दिग्विजय सिंह के बयान को उनका निजी बयान बताया।

### दिग्विजय सिंह के बयान से सहमत नहीं

जम्मू-कश्मीर में मंगलवार को राहुल गांधी ने प्रेस कांफ्रेंस की। इस दौरान उन्होंने दिग्विजय सिंह के सर्जिकल स्ट्राइक वाले बयान पर टिप्पणी की। राहुल गांधी ने दिग्विजय सिंह के बयान को उनका निजी बयान बताया है। उन्होंने कहा, जो दिग्विजय सिंह जी ने कहा है, मैं उससे बिल्कुल सहमत नहीं हूं। हमारी आर्मी पर हमारा पूरा विश्वास है। अगर आर्मी कुछ करे तो सबूत देने की कोई जरूरत नहीं है। यह दिग्विजय सिंह जी का व्यक्तिगत मत है। यह कांग्रेस का मत नहीं है।

### सेना के शौर्य पर सवाल नहीं

इस दौरान राहुल गांधी ने साफ कहा कि सर्जिकल स्ट्राइक के सबूत मांगना सही नहीं है। उन्होंने कहा, सेना के शौर्य पर कोई सवाल नहीं किया जा सकता। सेना जो भी करें वो शौर्य की बात होती है। अगर आर्मी कुछ करे तो सबूत देने की कोई जरूरत नहीं है। उन्होंने आगे कहा, पार्टी के विचार एक बातचीत से उत्पन्न होते हैं। दिग्विजय सिंह के विचार बाहरी विचार हैं। वे पार्टी के विचार नहीं हैं। हम बिल्कुल स्पष्ट हैं कि सशस्त्र बल कठिन काम करते हैं और वे असाधारण रूप से अच्छी तरह से अपना काम करते हैं। आर्मी जो भी करती है उसका सबूत नहीं मांगा जा सकता।

### कांग्रेस अध्यक्ष ने भी जताई असहमति

दिग्विजय सिंह के सर्जिकल स्ट्राइक के सबूत मांगने वाले बयान पर कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने भी टिप्पणी की। उन्होंने संवादाताओं ने बात करते हुए साफ कहा,हम पहले ही स्पष्ट कर चुके हैं कि पार्टी सेना के साथ खड़ी है। हम हमेशा देश के लिए काम करते रहे हैं और करते रहेंगे। हम अपनी सेना का बहुत सम्मान करते हैं।

### सच हमेशा ही चमकता है

बीबीसी की डॉक्यूमेंट्री को प्रतिबंधित किए जाने से संबंधित पूछे गए प्रश्न के जवाब में राहुल गांधी ने कहा कि सच्चाई बाहर आती है, सच्चाई को दबाया नहीं जा सकता, सच हमेशा ही चमकता है।

### केंद्र पर राहुल का निशाना

राहुल गांधी ने कहा कि मेरी छवि को खराब करने के लिए भाजपा ने हजारों करोड़ों रुपए खर्च किए उन्होंने कहा कि भाजपा की सोच में पैसे से ज्यादा कुछ नहीं है भाजपा सिर्फ पैसे और सत्ता के बारे में सोचती है लेकिन सच्चाई हर हालत में सामने आती है सच्चाई को पैसे से दबाया नहीं जा सकता। अनुच्छेद 370 हटाए जाने के संबंध में पूछे गए प्रश्न के जवाब में राहुल गांधी ने कहा कि इस पर कांग्रेस कार्यसमिति के प्रस्ताव में स्पष्ट किया गया है। हम जम्मू-कश्मीर को राज्य का दर्जा वापस देना चाहते हैं।

## फडणवीस का दावा- मुझे जेल भेजना चाहती थी उद्धव सरकार, पुलिस कमिश्नर को दी थी जिम्मेदारी



फडणवीस ने कहा कि उनकी उद्धव ठाकरे से कोई निजी दुश्मनी नहीं है लेकिन उन्होंने मेरे फोन कॉल्स का जवाब देना बंद कर दिया है।महाराष्ट्र के उप-मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने खुलासा किया है कि उद्धव ठाकरे सरकार उन्हें जेल भेजना चाहती थी। फडणवीस ने कहा कि पूर्व पुलिस कमिश्नर संजय पांडेय को यह लक्ष्य दिया गया था। फडणवीस ने कहा कि हालांकि उन्होंने कुछ गलत काम नहीं किया था, जिसकी वजह से पुलिस कमिश्नर को सफलता नहीं मिल सकी। एबीपी मांझा द्वारा आयोजित एक कार्यक्रम के दौरान पूर्व मुख्यमंत्री ने यह बातें कही। देवेंद्र फडणवीस ने कहा कि महाविकास अघाड़ी सरकार ने तत्कालीन मुंबई पुलिस कमिश्नर संजय पांडेय को मुझे जेल में डालने का लक्ष्य दिया था। सरकार ने किसी भी तरह मुझे फंसाने और मुझ पर आपराधिक मामले दर्ज करने के आदेश दिए थे। फडणवीस ने कहा कि यह सच्चाई है और यह आप किसी भी पुलिस अधिकारी से पूछ सकते हैं। फडणवीस ने कहा कि हालांकि मैंने कुछ गलत नहीं किया था, इसलिए वह सफल नहीं हो सके। फडणवीस ने कहा कि उनकी उद्धव ठाकरे से कोई निजी दुश्मनी नहीं है लेकिन उन्होंने मेरे फोन कॉल्स का जवाब देना बंद कर दिया है। अगर वह भाजपा के साथ गठबंधन ( 2019 विधानसभा चुनाव के बाद ) नहीं करना चाहते थे तो उन्हें मुझे बता देना चाहिए था। फडणवीस ने कहा कि हाल ही में एक आयोजन में मेरी वाहिनी ( उद्धव ठाकरे की पत्नी स्मिता ठाकरे ) से मुलाकात हुई, मैंने उन्हें उद्धव ठाकरे को मेरी शुभेच्छा देने को कहा क्योंकि यही महाराष्ट्र की संस्कृति है और मैं इसे नहीं छोड़ सकता।

बता दें कि बीते साल एकनाथ शिंदे ने शिवसेना में बगावत कर अपनी अलग पार्टी बना ली थी, जिसकी वजह से उद्धव ठाकरे के नेतृत्व वाली महाविकास अघाड़ी की सरकार गिर गई थी। एकनाथ शिंदे ने भाजपा के समर्थन से सरकार बना ली और राज्य के नए सीएम बने। शिंदे की सरकार में देवेंद्र फडणवीस को उपमुख्यमंत्री बनाया गया। वहीं महाराष्ट्र में महाविकास अघाड़ी की सरकार के गिरने और एकनाथ शिंदे की पार्टी और भाजपा के गठबंधन वाली सरकार के सत्ता में आने के बाद 1986 बैच के आईपीएस संजय पांडेय को मनी लॉन्ड्रिंग के मामले में गिरफ्तार किया गया था। फिलहाल वह जमानत पर बाहर हैं।

## रामचरितमानस पर टिप्पणी को लेकर जगद्गुरु रामभद्राचार्य का पलटवार, कहा- पागल हो गए हैं स्वामी प्रसाद मौर्य



जगद्गुरु रामभद्राचार्य ने कहा कि हम सरकार से अनुरोध करते हैं कि श्रीरामचरितमानस को राष्ट्रीय ग्रंथ घोषित किया जाए। यही निम्नतम टिप्पणी का उचित दंड होगा। चित्रकूट के तुलसी पीठाधीश्वर जगद्गुरु रामभद्राचार्य ने सपा एमएलसी स्वामी प्रसाद मौर्य के विवादित बयान पर पलटवार करते हुए कहा कि गोस्वामी तुलसीदास जी ने संपूर्ण विश्व के कल्याण के लिए रामचरितमानस की रचना की है। रामचरितमानस का कोई भी अंश किसी के अपमान के लिए प्रयुक्त नहीं हुआ है। उन्होंने कहा कि बिहार के शिक्षा मंत्री चंद्रशेखर और उत्तर प्रदेश के समाजवादी पार्टी के एमएलसी स्वामी प्रसाद मौर्य जैसे लोग जिनको करिया अक्षर भैंस बराबर सुनना जैसे पढ़ना भी नहीं आता वह रामचरितमानस पर क्या टिप्पणी करने के अधिकारी हैं?

भगवान उनको सद्बुद्धि दें। रामचरितमानस का उद्घोष सियाराम मय सब जग जानी करब प्रणाम जोर जुग जानी... हमको मानव मात्र से प्रेम करना सिखाता है। स्वामी प्रसाद मौर्य इस समय स्वयं पगलाए हुए हैं। सठिया गए हैं। चुनाव में भी हार चुके हैं। जो स्वयं जनता जनार्दन द्वारा पिटा हुआ हो उससे हम क्या अपेक्षा करेंगे। सभी लोग रामचरितमानस का पाठ करें। हम सरकार से अनुरोध करते हैं कि श्रीरामचरितमानस को राष्ट्रीय ग्रंथ घोषित किया जाए। यही निम्नतम टिप्पणी का उचित दंड होगा।

# संपादकीय Editorial

## An Unconstitutional War!

For a long time the Lieutenant Governor of Delhi V.K. The letter war and war of words is going on between Saxena and Chief Minister Kejriwal and AAP leaders and MPs. At times it felt unethical and even vulgar. Both sides seem to be full of anger. In fact, Chief Minister Kejriwal and his party 'AAP' have got the electoral mandate. He is the elected public representative of more than 2 crore population of the capital city of Delhi. This is democracy and constitution! In the system, the Lieutenant Governor is also in office, who is appointed by the President as the representative of the Central Government. The Lakshman-rekhas of the Lieutenant Governor and the State Cabinet are clear in the Constitution, but their interpretations have been arbitrary. If the Lieutenant Governor considers the decision of the Supreme Court as 'advice', then it is also a gross violation of the constitution and also contempt of court, but the Lieutenant Governor has considered himself a symbol of 'Viceroy', because of repeatedly crossing the Lakshman Rekha. Despite this, no punitive or disciplinary action has been taken against him. Who will take action? The President can take any decision only on the recommendation of the Government of India, but the Lieutenant Governor is his representative, so there seems to be a lot of black in the lentils! Actually this politics is being played deliberately. The question is that the war of words between the Lieutenant Governor and the Chief Minister has become so public that the Constitution and constitutional posts are being put to shame. Is it not defaming the country and its systems? Chief Minister Kejriwal had to question in the Assembly in a roaring voice that who is this Lt. Governor? What is? has been imposed on us. Is this 'Viceroy'? Why is it not allowing the elected government to function? Not only this, why did the Chief Minister along with his ministers and MLAs have to go to the 'Raj Bhavan' during a public march on the road and the Lieutenant Governor did not even think it appropriate to meet him? This is also a violation of the constitution and a big question on our constitutional system. How long will this cycle continue? If the interest of the people of Delhi is affected due to arbitrary decisions of the Lieutenant Governor and return of files of resolutions passed by the cabinet, then it is anti-democracy. The questions are on both the Lieutenant Governor and the Chief Minister. After all, what is the obstinacy that both the constitutional faces are unable to agree on any issue? Isn't there a smooth and cordial dialogue? It is the Lieutenant Governor who has appointed the Chief Minister and the government also works in his name. This battle is being fought like street children! Water supply has been affected in Delhi. Neither medical tests are being done nor medicines are available in Mohalla clinics. The pension of the elderly and women is being stopped. Making fun of teachers and students, they are being called 'ghosts'.The list of issues and pending files is very long. completely opposite to Finland. There is no similarity. Our education produces rattulal and unemployed, Finland's education is practical and employable. There the exams start from class 10th. Here the rat-race of marks starts from the first class itself. Then by going to Finland our teachers will get some additional training, we reject this argument. Actually our focus is on constitutional values and dignity and in view of that both the parties are in the dock. Education is not an arena for BJP vs AAP fight. The matter of constitutional rights of both is again under consideration in the Supreme Court. The court has already given its verdict. However, again the constitution is before the bench, so the court should also pronounce the verdict with a warning this time. The conflict between the two constitutional positions must stop.

# 'Besharam Rang was shot in very cold weather', Deepika shared her experience about the film Pathan



Pathan is in constant discussions before the film's release. Amidst the news of Boycott, the Shahrukh Khan starrer film is continuously making headlines. Along with the fans, the makers and the star cast are also very excited about the film. And in a video shared by production house Yash Raj Films, Deepika opened up about her chemistry with Shah Rukh. In a video shared by Yash Raj Films, Deepika said, 'Shah Rukh and I have been very fortunate to have had the opportunity to work in some incredible films. We share a beautiful bond and I think that is what the audience always sees in our films. During this, Deepika revealed that shooting the song Besharam Rang was a challenge. Because it had to show the party atmosphere in the bright sun on the beach. Whereas the actual weather was just the opposite. We had to portray the weather and its vibrancy which was a challenge in itself. Talking about the shooting of the song Deepika Besharam Rang, she says, the song was shot in Spain. This is a beautiful song. Deepika says that it was very cold while shooting this song and strong wind was also blowing. Even after this, the shooting had to dance wearing only bikini and swim suit, which was very difficult. We accepted this challenge and came out with a great song. So while Deepika says about her role in the film, 'The character I am playing in this film is very exciting, it is something that I have not done before and even the film'. Both Shah Rukh and Deepika have come together on screen with some amazing films. Which includes films like Om Shanti Om, Chennai Express and Happy New Year. Deepika says whenever they both come together the film becomes a bumper success. Deepika tells that both are very hardworking and disciplined actors. There is a spark in the chemistry of both. Which is liked by the audience. Deepika says that she is hopeful that Pathan will do well at the box office.

# Salman will give a double gift to the fans, the teaser of 'Kisi Ka Bhai Kisi Ki Jaan' will come on the big screen on this day




Bollywood's Bhaijaan aka Salman Khan is in discussion about his film 'Kisi Ka Bhai Kisi Ki Jaan'. The teaser of Salman's film 'Kisi Ka Bhai Kisi Ki Jaan' is going to be released on the big screen. Fans were eagerly waiting for this film since a long time, but now Salman has given a wonderful gift to his fans. The makers are now bringing the teaser of the film to the silver screen and it is releasing on 25th January. Let us tell you that the fans will once again get to see the pair of Karan Arjun together on the screen. The teaser of Salman's most awaited film 'Kisi Ka Bhai Kisi Ki Jaan' will be released in theaters across the country on January 25 along with Shah Rukh Khan's 'Pathan'. After the theatres, the teaser of the film will be available on YouTube and other digital platforms. The makers of the film 'Kisi Ka Bhai Kisi Ki Jaan' have made a special plan to launch the teaser, that is, the teaser of Salman's film will first be released in theaters and then released on digital. Recently, Salman shared the poster of the film on his social media handle and wrote, 'Watch the teaser of Kisi Ka Bhai Kisi Ki Jaan now releasing on the big screen on January 25.' Fans also immediately guessed that Salman wanted to launch the teaser of his film with his bestie Shah Rukh's film. Salman has also tagged all the actors in this post. Please tell that the film 'Kisi Ka Bhai Kisi Ki Jaan' has been directed by Farhad Samji. Salman Khan, Venkatesh Daggubati, Pooja Hegde, Jagapathi Babu, Bhumika Chawla and Shahnaz Gill will be seen in lead roles in this film. In this film, the audience will get to see a great mix-up of action, comedy, drama and romance. This film is going to release on Eid 2023.

# Kareena-Kanika dance fiercely on the song 'Da Da Dasse' of Udta Punjab, video went viral



Actress Kareena Kapoor and singer Kanika Kapoor had arrived at an event. Where Kareena spoke her mind on the Boycott Bollywood trend, Rakhi was seen dancing to Kanika's song as well. Whose video is becoming increasingly viral on social media. Bollywood actress Kareena Kapoor and singer Kanika Kapoor were spotted at the Indian Chamber of Commerce- Young Leaders Forum event in Kolkata on Sunday. Now a video of this event has surfaced, in which Kanika can be seen on stage singing the song Da Da Dasse from Kareena's film 'Udta Punjab'. In which Kareena is seen dancing to Kanika's song. In the viral video, Kanika Kapoor is seen singing the song Udta Punjab on stage. So in this event, Kareena Kapoor looked very beautiful in a black backless dress. And Kanika also appeared in Thai slit black dress. Both the beauties sizzled together in a black dress. Let us tell you that while talking about the Boycott Bollywood trend in this event, Kareena said, 'I do not agree with it at all. If this happens, how will we entertain people, how will happiness come in your life, which I think everyone needs. If there are no films then how will there be entertainment. On the work front, Kareena was last seen sharing screen space with Aamir Khan in Laal Singh Chaddha. At the same time, this film of the actress also had to face the 'Boycott Bollywood Trend', due to which the film was very much discussed and flopped.




# Sharman Joshi ready to debut in Gujarati films, will play the role of a pregnant man

Sharman Joshi is known for his stellar performances. He has so far won the hearts of people with his character in many films. People liked his acting in films like Golmaal, Dhol and 3 Idiots. After ruling the hearts of people with his acting in Bollywood, actor Sharman Joshi is now all set to show his mettle in Gujarati cinema. In this industry, he is about to make his debut with the Gujarati film 'Congratulations'. A poster of this film has also come, in which Sharman is seen pregnant. In the poster, it is written on his T-shirt that Parenthood has no gender. Sharman spoke openly about this film during a recent interview. In this conversation, he told that this film is based on the research done on a pregnant man. The actor said the story of the film has been woven around the challenges faced after getting pregnant. Also, he also told that people will get to see emotion along with comedy in the film. Please tell that Riteish Deshmukh's film Mr. Mummy, which was released some time ago, was also made on this subject. However, Sharman told about this that he has not seen Ritesh's film. During the interview, Sharman told that he has high hopes from Congratulations directed by Rehan Chowdhary and he is also very excited about this film. It is noteworthy that Sharman Joshi is known for his strong acting. He has so far won the hearts of people with his character in many films. People liked his acting very much in films like Golmaal, Dhol and 3 Idiots. In the year 2019, he was seen in the film Mission Mangal alongside Akshay Kumar. The film proved to be a hit at the box office.

# "हाथ से हाथ जोड़ो" कार्यक्रम की रणनीति पर दिशा निर्देश जिम्मेदारियां दी

मौ.युसूफ
दैनिक क्यूँ न लिखूं सच

मुरादाबाद-सर्किट हाउस में माननीय प्रदीप नरवाल जी राष्ट्रीय सचिव भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस एवं पश्चिम उत्तर प्रदेश प्रभारी, तथा माननीय नसीमुद्दीन सिद्दीकी जी प्रांतीय अध्यक्ष उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी ,जिला एवं महानगर फ्रंटल संगठनों ,कांग्रेस विभागों प्रकोष्ठ की एक संयुक्त बैठक ली जिसमें 卐भारत छोड़ो यात्रा卐 की सफलता के बाद आगामी 26 जनवरी से 26 मार्च तक चलने वाला 卐हाथ से हाथ जोड़ो卐 कार्यक्रम की रणनीति पर दिशा निर्देश जिम्मेदारियां दी। ब्लॉक स्तर पर हाथ से हाथ जोड़ो कार्यक्रम चलाने के निर्देश भारतीय कांग्रेस कमेटी ने निर्धारित किए हैं उसके लिए पूर्व विधायक पूर्व प्रत्याशी जिला अध्यक्ष के माध्यम से प्रभारी नियुक्त किए जाएंगे। माननीय प्रदीप नरवाल जी ने लोनी बॉर्डर गाजियाबाद पर राहुल गांधी जी की भारत जोड़ो यात्रा में पश्चिम उत्तर प्रदेश के योगदान पर आभार प्रकट किया। इस बीच में श्री असलम खुर्शीद ने श्री प्रदीप नरवाल जी तथा नसीमुद्दीन सिद्दीकी जी की उपस्थिति में समाजवादी पार्टी के महानगर उपाध्यक्ष हाजी मोहम्मद अकरम खा ने अपने 100 साथियों के साथ समाजवादी छोड़ कांग्रेस की सदस्यता ग्रहण की ,विवेक गुप्ता जी अपने साथियों के साथ कांग्रेस ज्वाइन की ।ठाकुरद्वारा नगर से इंतजार अहमद मोहम्मद मुख्तार अहमद समाजवादी छोड़कर अपने साथियों के साथ कांग्रेस में शामिल हुए। माननीय प्रदीप नरवाल जी और माननीय नसीमुद्दीन सिद्दीकी जी ने अपना वक्तव्य उपस्थित पत्रकार बंधुओ को भी दिया । बैठक में जिले की ओर से सभी ब्लॉक अध्यक्ष नगर पंचायत अध्यक्ष उपस्थित रहे तथा जिले के श्री असलम खुर्शीद जिलाध्यक्ष अनुभव मल्होत्रा महानगर अध्यक्ष अनूप दुबे और विधायक इमरान कुरेशी फूल कुमार मोहम्मद उल्लाह चौधरी पूर्व जिला अध्यक्ष पंडित देशराज शर्मा कई गयूर अंसारी अफजल साबरी भयंकर सिंह बौद्ध राजेंद्र बाल्मीकि रिजवान कुरेशी मौहतसिम मुख्तार संजीव सिंघल राहत अंसारी सादिक सिद्दीकी दाऊद खान इफ्तेखार कुरेशी फारुख नरेंद्र पाल अनुराग शर्मा अब्बास श्याम शरण एडवोकेट डॉ सिराज अंसारी शकील सकलानी फहीम चौधरी फिरोज खान अरविंद चौधरी धर्मेंद्र सिंह मुशाहिद चौधरी निशांत शर्मा पूनम कश्यप ज्योति कश्यप जिले के सैकड़ों कार्यकर्ता उपस्थित रहे महानगर से भी सभी पदाधिकारी वार्ड अध्यक्ष उपस्थित रहे।

# उ0प्र0 दिवस एवं राष्ट्रीय बालिका दिवस के अवसर पर विभिन्न कार्यक्रमो एवं प्रदर्शनी का आयोजन

## हमे अपने कर्तव्यो को याद रखने की जरूरत-जिलाधिकारी

मौ.युसूफ
दैनिक क्यूँ न लिखूं सच

मुरादाबाद- मण्डलायुक्त श्री आन्जनेय कुमार सिंह एवं जिलाधिकारी श्री शैलेन्द्र कुमार सिंह, मुख्य विकास अधिकारी सुमित यादव ने आज उ0प्र0 दिवस एवं राष्ट्रीय बालिका दिवस के अवसर पर पंचायत भवन सभागार मे दीप प्रजवल्लित कर कार्यक्रम का शुभारम्भ किया। इस अवसर पर मण्डलायुक्त ने पंचायत भवन परिषर मे लगायी गयी प्रदर्शनी का फीता काटकर शुभारम्भ किया। मण्डलायुक्त, जिलाधिकारी एवं मुख्य विकास अधिकारी ने पंचायत भवन परिषर मे विभिन्न विभागो द्वारा लगाई गयी प्रदर्शनी एवं प्रदर्शनी स्टालो का भ्रमण कर अवलोकन किया। यू0पी0 दिवस के अवसर पर नगर निगम द्वारा नुक्कड नाटक का प्रदर्शन किया गया। उ0प्र0 दिवस के अवसर पर मण्डलायुक्त श्री आन्जनेय कुमार सिंह ने कहा कि स्वतंत्रता संग्राम मे उ0प्र0 का बहुत बडा योगदान रहा है। उन्होने बताया कि आज पूरे प्रदेश मे स्थापना दिवस के साथ ही राष्ट्रीय बालिका दिवस भी है

इन दोनो अवसरो पर राष्ट्रीय बालिका दिवस को थीम बनाकर उ0प्र0 स्थापना दिवस को मनाया जा रहा है। इस अवसर पर विभिन्न विभागो द्वारा प्रदर्शनी भी लगाई गयी है एवं अन्य कार्यक्रमो का आयोजन कर ज्यादा से ज्यादा लोगो को शासकीय योजनाओ की जानकारी प्रदान की जा रही है। बालिकाओ के लिए विशेष रूप से चलाई जा रही योजनाओ पर आज खास जोर दिया है। इन्वेस्टमेंट का जो सबमिट लगातार चल रहा है और मण्डल स्तर पर इसका आयोजन होना है उसके बारे मे भी लोगो को बताया जा रहा है। आज का पूरा दिवस उ0प्र0 स्थापना दिवस को समर्पित है। जिलाधिकारी ने उ0प्र0 दिवस और राष्ट्रीय बालिका दिवस के अवसर पर सभी को बधाई देते हुए कहा कि हमारी सभ्यता नदियो के किनारे विकसित हुई है। आज हम सभी यह मानते है कि हमारे प्रदेश ने काफी प्रगति की है और जाने-अनजाने में हम अपने कर्तव्यो को भूल जाते है, उन्हे याद रखने की जरूरत है। प्रकृति हमे अनेक अवसर देती है।

हमे यह तय करना है कि समय का सदुपयोग किस प्रकार करना है। उन्होने कहा कि मुरादाबाद मे इस वर्ष एक बालक के अनुपात मे दो बालिकाओ का जन्म हुआ है, मै इस बात के लिए बधाई दूगां। मुख्य विकास अधिकारी सुमित यादव ने उ0प्र0 दिवस एवं राष्ट्रीय बालिका दिवस की बधाई देते हुए कहा कि बेटी बचाओ-बेटी पढाओ के साथ बेटो को भी सही मार्ग दर्शन देना जरूरी है और बालिकाओ के लिए कहा कि यदि सुरक्षा की दृष्टि से कुछ भी समझ नही आ रहा है तो 112 नम्बर डायल करे। उन्होने कहा कि बालिकाओ के लिए शिक्षित होना जरूरी है। उ0प्र0 दिवस के अवसर पर पंचायत भवन परिषर मे जागरूकता हेतु सूचना विभाग, पंचायती राज विभाग, कृषि विभाग, चीनी उद्योग एवं गन्ना विकास विभाग, उ0प्र0 राज्य ग्रामीण आजिविका मिशन, अग्रणी बैंक-केनरा बैंक, महिला कल्याण विभाग, सूक्ष्म लघु मध्यम एवं उद्यम विभाग, उ0प्र0 पुलिस, बेसिक शिक्षा विभाग, बाल विकास सेवा एवं पुष्टाहार विभाग, उद्यान एवं खाद्य प्रसंस्करण विभाग, खादी ग्रामोद्योग विभाग, चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग आदि विभागो के स्टाल लगे थे। इस अवसर पर ज्वाईन्ट मजिस्ट्रेट हर्षिका सिंह, परियोजना निदेशक सतीश प्रसाद मिश्र, जिला विकास अधिकारी जी0वी0 पाठक, डीपीओ राजेश कुमार गुप्ता, जिला बेसिक शिक्षाधिकारी एवं अन्य विभागो के अधिकारीगण उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन जिला कार्यक्रम अधिकारी अनुपमा शाडिल्य ने किया।

# प्रियंका गांधी वाड्रा का 50 वां जन्मदिन हर्षोल्लास के साथ केक काटकर मनाया गया

मौ.युसूफ
दैनिक क्यूँ न लिखूं सच

मुरादाबाद- जिला कांग्रेस कमेटी कार्यालय गंज गुरहट्टी पर माननीय प्रियंका गांधी वाड्रा जी राष्ट्रीय महासचिव भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस एवं उत्तर प्रदेश प्रभारी का 50 वां जन्मदिन हर्षोल्लास के साथ केक काटकर मनाया गया। इस मौके पर माननीय शाहनवाज आलम प्रदेश चेयरमैन के निर्देश पर जिला एवं महानगर अल्पसंख्यक विभाग ने संयुक्त रूप से उन महिलाओ जो समाज उत्थान में उत्कृष्ट सेवाएं देती हैं

ऐसी महिलाओं को लड़कियों को जो चिकित्सा के क्षेत्र में शिक्षा के क्षेत्र में कानून न्याय में सामाजिक कार्य करती हैं उनको प्रशस्ति पत्र के साथ सशक्त महिला सम्मान से सम्मानित किया गया। श्री असलम खुर्शीद जिलाध्यक्ष, अफजल साबरी जिला चेयरमैन अल्प संख्यक विभाग, इरशाद हुसैन महानगर चेयरमैन अल्प संख्यक विभाग, ने प्रशस्ति पत्र देकर महिलाओं का सम्मान किया अफजल साबरी जिला चेयरमैन इरशाद हुसैन महानगर चेयरमैन ने भी प्रशस्ति पत्र देकर महिलाओं को सम्मानित किया। अपने संबोधन में जिला कांग्रेस कमेटी अल्पसंख्यक विभाग के चेयरमैन अफजल साबरी ने कहा कि माननीय प्रियंका गांधी वाड्रा जी के जन्मदिन पर कांग्रेसियों ने उत्साह के साथ केक काट कर और मिठाइयां बाट कर मनाया है और प्रियंका गांधी जी के जनता के संघर्षों को देखकर विशेषकर महिलाओं में उत्साह है

इसी वजह से आज कार्यालय पर महिलाओं की भीड़ उमड़ आई है प्रियंका गांधी वाड्रा ने राजनीति महत्वाकांक्षा जगह पर महिलाओं को राजनीति में आगे बढ़ाने का कार्य किया है प्रियंका गांधी जी ने ही महिलाओं को 40 परसेंट विधानसभा में टिकट देकर महिलाओं को सक्रिय राजनीति में आने का मौका दिया ।

इसी क्रम में महानगर चेयरमैन इरशाद हुसैन ने कहा कि उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी अल्पसंख्यक विभाग के चेयरमैन शाहनवाज आलम द्वारा भेजे गए सम्मानित पत्र, डॉक्टर ,टीचर्स, एडवोकेट एवं विभिन्न क्षेत्रों में आम महिलाओं के लिए कार्य कर रही महिलाओं को सम्मानित पत्र देकर सम्मानित किया गया ताकि महिलाओं में और राजनीतिक विश्वास जागे महिलाएं और सशक्त हो सके । माननीय प्रियंका गांधी वाड्रा जी को जन्मदिन के अवसर पर उनके यश कीर्ति स्वास्थ्य दीर्घायु की ईश्वर से प्रार्थना की।

जन्मदिन कार्यक्रम और सशक्त महिला सम्मान के अवसर पर मुख्य रूप से श्री असलम खुर्शीद जिलाध्यक्ष अफजल साबरी जिला चेयरमैन अल्पसंख्यक विभाग इरशाद हुसैन महानगर चेयरमैन अल्पसंख्यक विभाग, सुहाना फातमा ,शाहीन, मुस्कान ,सानिया शेख ,राजेंद्र बाल्मीकि, भयंकर सिंह बौद्ध, मौहतिसम मुख्तार, गयूर अंसारी, फरहा, हिना बी, सैलानाज़ ,स्वाति ,जयंती कश्यप, गौरी ,नीतू सिंह, फरहा, लता, शहनाज परवीन, रूबी बेगम, जेबुन्निसा ,मुस्कान ,फातमा सैफी, रूबी खान, शहजाद खा रईस, गुलशनशाह ,आदि उपस्थित रहे।

# होटल रिजेंसी के सिक्योरिटी गार्ड की तबीयत बिगड़ने से मौत, बेटों ने जताई हत्या की आशंका, जांच जारी

मुरादाबाद-मूलरूप से (उत्तराखंड) टनकपुर के बनबसा निवासी अखिलेश कुमार पिछले पंद्रह साल से होटल रिजेंसी में बतौर सिक्सोरिटी गार्ड नौकरी कर रहे थे। परिवार में तीन बेटे अमित, अनुपम और अन्नू हैं। परिवार नया मुरादाबाद से सटे माता वाली मिलक में किराये के मकान में रहता है।मुरादाबाद में पाकबड़ा थानाक्षेत्र में दिल्ली रोड स्थित होटल रीजेंसी के सिक्योरिटी गार्ड अखिलेश कुमार सक्सेना(55) की मंगलवार सुबह हालत बिगड़ गई। साथी कर्मचारी उन्हें साईं अस्पताल लेकर पहुंचे, जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। सिक्सोरिटी गार्ड के बेटों ने हत्या की आशंका जताते हुए पुलिस से मामले की जांच कराने की मांग की है। मूलरूप से (उत्तराखंड)



टनकपुर के बनबसा निवासी अखिलेश कुमार पिछले पंद्रह साल से होटल रिजेंसी में बतौर सिक्सोरिटी गार्ड नौकरी कर रहे थे। परिवार में तीन बेटे अमित, अनुपम और अन्नू हैं। परिवार नया मुरादाबाद से सटे माता वाली मिलक में किराये के मकान में रहता है। रोज की तरह सोमवार रात भी अखिलेश ड्यूटी पर गए थे। उनकी ड्यूटी गेट पर लगी थी। मंगलवार सुबह करीब साढ़े छह बजे अचानक अखिलेश की तबीयत खराब हो गई। वह जमीन पर गिर गए। साथी कर्मचारियों ने इस मामले की जानकारी होटल मैनेजर व अन्य अधिकारियों को दी। इसके बाद वह अखिलेश को लेकर साईं अस्पताल पहुंचे, सूचना मिलने पर अखिलेश के बेटे भी अस्पताल आ गए। इसी दौरान डॉक्टरों ने चेकअप के बाद सिक्योरिटी गार्ड को मृत घोषित कर दिया। परिजन शव लेकर घर चले गए और पुलिस को सूचना दी। परिवार के लोगों ने हत्या की आशंका जताई है। पाकबड़ा थाना प्रभारी मोहित चौधरी ने बताया कि शव का पोस्टमार्टम कराया जा रहा है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही आगे की कार्रवाई की जाएगी। होटल के मैनेजर कमल मोगा ने बताया की सिक्योरिटी गार्ड पहले से बीमार थे।उसकी हालत अचानक खराब हो गई। उन्हें अस्पताल ले जाया गया लेकिन रास्ते में उसकी मौत हो गई।

# 25 जनवरी, 2023 को तेहरवें राष्ट्रीय मतदाता दिवस का आयोजन-डीएम

मौ.युसूफ-दैनिक क्यूँ न लिखूं सच

मुरादाबाद- जिलाधिकारी श्री शैलेन्द्र कुमार सिंह ने बताया कि तेहरवें राष्ट्रीय मतदाता दिवस की थीम बोट जैसा कुछ नही बोट जरूर डालेंगे हम है। इस अवसर पर जनपद मे मतदाता दिवस पूरे उत्साह के साथ आयोजित किया जायेगा। प्रत्येक बूथ पर विभिन्न स्तरो पर आयोजित कार्यक्रमो मे भाग लेने आये मतदाताओ द्वारा शपथ ली जायेगी। अपरान्ह 1:00 बजे से बीएलओ द्वारा बूथ पर निर्वाचक/सहायक निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारियो द्वारा बी0आर0सी0 पर ई0एल0सी0 पर तथा जिला मुख्यालय पर शपथ ग्रहण समारोह आयोजित किया जायेगा। जिलाधिकारी ने बताया कि आयोग द्वारा आयोजित कार्यक्रम मे 卐मै भारत हूँ卐 थीम का शुभाम्भ किया जायेगा तथा अधिक से अधिक युवाओ और महिलाओ की सहभागिता सुनिश्चित करने के लिए जिले मे स्थित कालेजो, महाविद्यालयो मे राष्ट्रीय मतदाता दिवस का आयोजन किया जायेगा। इस आयोजन मे छात्र/छात्राओ को मतदाता शपथ दिलाने के साथ-साथ स्कूल कालेजो मे प्रभात फेरी, स्लोगन राईटिंग, निबन्ध लेखन प्रतियोगिता, गीत प्रतियोगिता, स्किट्स प्रतियोगिता आन लाइन प्रतियोगिता, गतिविधियो आदि का आयोजन किया जायेगा। 25 जनवरी 2023 को आयोजित राष्ट्रीय मतदाता दिवस समारोह मे नये मतदाताओ को फोटो पहचान देकर सम्मानित किया जायेगा। आयोग के निर्देशानुसार स्कूल/कालेज/विश्वविद्यालयो मे गठित ईएलसी एवं चुनाव पाठशालाओ पर भी शपथ ग्रहण समारोह आयोजित किये जायेगें। तथा प्रत्येक विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र मे सर्वोत्तम कार्य करने वाले बीएलओ को जनपद स्तर पर पुरस्कृत भी किया जायेगा।

# गन्ना सट्टा लगाने के नाम पर दो हजार की घूस लेते सुपरवाइजर गिरफ्तार, एंटी करप्शन ने रंगे हाथ पकड़ा

मुरादाबाद-यहां किसान भगवान दास से दो हजार की रिश्वत लेते हुए गन्ना पर्यवेक्षक को रंगे हाथों पकड़ लिया। इसके बाद टीम आरोपी को बिलारी थाने ले गई और केस दर्ज करा दिया। निरीक्षक विजय कुमार सिंह ने बताया कि आरोपी बुधवार सुबह बरेली कोर्ट में पेश किया जाएगा। मुरादाबाद में एंटी करप्शन की टीम ने मंगलवार को बिलारी में गन्ना विकास परिषद के कार्यालय में गन्ना सुपरवाइजर जगदीश सिंह को दो हजार रुपये की रिश्वत लेते हुए दबोच लिया। टीम ने उसे केमिकल लगे नोट भी बरामद कर लिए हैं। संभल जनपद के कुढ़ फतेहगढ़ थानाक्षेत्र के जहांगीरपुर गांव निवासी किसान भगवान दास ने एंटी



करप्शन में शिकायत की थी। जिसमें उसने बताया था कि गन्ना पर्यवेक्षक (सुपरवाइजर) उसके पिता दयाराम की मृत्यु के बाद वारिस के आधार पर गन्ना सट्टा संचालित करने के लिए दो हजार की रिश्वत मांग रहा है। एंटी करप्शन के निरीक्षक विजय कुमार सिंह, नवल मारवाहा के नेतृत्व में टीम मंगलवार को गन्ना विकास परिषद बिलारी कार्यालय पहुंच गई। यहां किसान भगवान दास से दो हजार की रिश्वत लेते हुए गन्ना पर्यवेक्षक को रंगे हाथों पकड़ लिया। इसके बाद टीम आरोपी को बिलारी थाने ले गई और केस दर्ज करा दिया। निरीक्षक विजय कुमार सिंह ने बताया कि आरोपी बुधवार सुबह बरेली कोर्ट में पेश किया जाएगा।

# मुरादाबाद में कचहरी में चोरी के आरोपी ने अपनी गर्दन पर मारा ब्लेड, पुलिसकर्मियों में मची अफरा-तफरी

मुरादाबाद-मुरादाबाद में चोरी के आरोपी ने खुद पर हमला कर लिया। आरोपी ने अपनी गर्दन पर ब्लेड से हमला किया। जिससे वह लहूलुहान हो गया। सोमवार को पुलिस ने उसे चोरी के आरोप में गिरफ्तार किया था। मुरादाबाद कचहरी में सोमवार शाम चोरी के आरोपी ने अपनी गर्दन में ब्लेड मारकर खुद को लहूलुहान कर लिया। इससे पुलिस कर्मियों में अफरा तफरी मच गई। पुलिस कर्मी उसे जिला अस्पताल ले गए और भर्ती करा दिया। अपनी गर्दन पर ब्लेड से हमला करने वाला आरोपी इस्लाम मूंढापांडे थानाक्षेत्र के गोविंद नगर निवासी है। सोमवार को पुलिस ने उसे चोरी के आरोप में गिरफ्तार किया था। पिछले दिनों मूंढापांडे के बूजपुर आशा गांव स्थित एक घर में हुई चोरी की घटना में वह शामिल था। पुलिस ने आरोपी से चोरी किया गया माल भी बरामद किया है। शाम पुलिस कर्मियों ने उसे अदालत में पेश किया। इसके बाद पुलिस कर्मी उसे जेल ले जाने लगे। इसी दौरान कोर्ट से बाहर आने के बाद उसने फिर से न्यायिक अधिकारी से मिलने की जिद की। पुलिस कर्मियों ने उसे रोकने का प्रयास किया तो उसने कचहरी परिसर में पड़ा एक ब्लेड उठा लिया। इसके बाद आरोपी ने अपनी गर्दन पर मारकर घायल कर लिया। लिस कर्मियों ने उससे ब्लेड छीनने का प्रयास किया तो वह पुलिस कर्मियों पर भी हमला करने वाला। उसे दबोच लिया और ब्लेड छीन लिया। इसके बाद पुलिस कर्मी उसे जिला अस्पताल ले गए और भर्ती करा दिया। थाना प्रभारी आरपी सिंह ने बताया कि आरोपी पहले भी पांच बाद जेल जा चुका है।

दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच
बिना किसी सिक्यूरिटी के डेली अखबार आवश्यकता है
सभी जिलो में ब्यूरो,स्थानीय रिपोर्टर,विज्ञापन प्रतिनिधि की
क्यूँ न लिखूं सच 9027776991
KNLS LIVE न्यूज चैनल और दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच ज्वाइन कीजिये
* वेलकम किट लेना अनिवार्य है

## क्यूँ न लिखूँ सच

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक नरेश राज शर्मा द्वारा ए0एच0प्रिंटर्स, ए-11, असालतपुरा, लंगड़े की पुलिया, मुरादाबाद-244001(उत्तर प्रदेश) से छपवाकर कार्यालय म.नं. 210 खा सीतापुरी,डबलफाटक जनपद-मुरादाबाद (उत्तर प्रदेश) से प्रकाशित एवं वितरित किया।
संपादक - नरेश राज शर्मा
मो. 9027776991
RNI NO- UPBIL/2021/83001
इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादक हेतु पीआरबी एक्ट के अन्तर्गत उत्तरदायी होंगे तथा इनसे उत्पन्न समस्त

# पुलिस अधीक्षक ने 26 जनवरी गणतंत्र दिवस के परेड रिहर्सल का किया निरीक्षण

## परेड के 10 प्लाटूनों ने किया शानदार परेड का प्रदर्शन



निशाकांत शर्मा
दैनिक क्यूँ न लिखूं सच

सूरजपुर- पुलिस अधीक्षक सूरजपुर श्री रामकृष्ण साहू (भा.पु.से.) ने 26 जनवरी 2023 को स्थानीय स्टेडियम ग्राउण्ड में गणतंत्र दिवस समारोह में आयोजित होने वाले परेड रिहर्सल का निरीक्षण किया। परेड में जिला पुलिस बल, छसबल, नगर सेना, एनसीसी, स्काउट गाईड के छात्र छात्राओं सहित कुल 10 प्लाटून शामिल है जिनके द्वारा आकर्षक परेड का प्रदर्शन किया गया। राष्ट्रगान की मधुर धुन के साथ ही जवाहर नवोदय विद्यालय बसदेई की बैंड पार्टी के साथ परेड रिहर्सल किया। 26 जनवरी गणतंत्र दिवस के कार्यक्रम के दौरान सुरक्षा व्यवस्था हेतु करीब 200 पुलिस अधिकारियों एवं कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई जायेगी। तैयारियों के संबंध में पुलिस अधीक्षक ने मंच की सुरक्षा व्यवस्था संबंधी गतिविधियों के बारे में पुलिस अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिये। परेड के परेड कमाण्डर रक्षित निरीक्षक भूपेन्द्र कुर्रे एवं टूआईसी एसआई सुनीता भारद्धाज होंगी। पुलिस अधीक्षक ने परेड में सम्मिलित सभी अधिकारी/कर्मचारियों को परेड़ के संबंध में आवश्यक दिशा-निर्देश दिये ताकि परेड आकर्षक एवं उत्तम हो।

पुलिस अधीक्षक श्री रामकृष्ण साहू (भा.पु.से.) ने दोषमुक्त प्रकरणों की समीक्षा उप संचालक अभियोजन एवं एडीपीओ की मौजूदगी में किया। पुलिस अधीक्षक ने दोषमुक्त किए गए प्रकरणों का बारीकी से समीक्षा करते हुए अनुसंधान कार्रवाई में त्रुटियों से बचने एवं विवेचना अधिकारियों को भविष्य में बेहतर साक्ष्य संकलन करने के निर्देश देने की बात कही। दोषमुक्त हुए प्रकरणों के कारणों पर भी प्रकाश डालते हुए भविष्य में अत्यंत सावधानीपूर्वक अनुसंधान कार्रवाई करने तथा पक्षद्रोही गवाहों पर अंकुश लगाने के लिए वैज्ञानिक साक्ष्यों के संकलन पर ध्यान केन्द्रीत करने को लेकर चर्चा की गई। इस दौरान उप संचालक अभियोजन विरेन्द्र लकड़ा, सहायक जिला अभियोजन अधिकारी सुनील चौरसिया सहित अमरदीप देवांगन, हरीश चक्रधारी मौजूद रहे।

# स्वामी प्रसाद के बयान से सपा ने बनाई दूरी, शिवपाल यादव बोले- हम राम और कृष्ण के आदर्शों पर चलने वाले लोग




स्वामी प्रसाद मौर्य की मुश्किलें फिलहाल कम होती दिखाई नहीं दे रही हैं, राजनीतिक दलों और साधु संत की नाराजगी के बीच अब उनकी अपनी पार्टी टिप्पणी से दूरी बना रही है। इसी कड़ी में शिवपाल यादव ने भी स्वामी से किनारा करते हुए उनकी टिप्पणी को उनका व्यक्तिगत बयान करार दे दिया है। एक समाचार चैनल से बातचीत में शिवपाल यादव ने कहा कि रामचरित मानस को लेकर स्वामी प्रसाद मौर्य ने कहा कि वह उनका व्यक्तिगत विचार है, पार्टी का उससे कोई लेना देना नहीं है। उन्होंने कहा कि हम लोग राम-कृष्ण के आदर्शों पर चलने वाले लोग हैं। इससे पहले सपा नेता रविदास मेहरोत्रा ने भी स्वामी प्रसाद मौर्य की टिप्पणी को उनका निजी बयान बताया था। शिवपाल यादव ने स्वामी के प्रकरण से खुद को अलग जरूर कर लिया लेकिन इस मुद्दे पर बीजेपी पर निशाना साधने का मौका भी नहीं छोड़ा। उन्होंने कहा कि हम लोग राम और कृष्ण के आदर्शों पर चलने वाले लोग हैं। प्राण जाए पर वचन न जाए का पालन करने वाले लोग हैं लेकिन क्या बीजेपी भगवानों के आदर्शों पर चल रही है, उन्होंने कहा कि जहां भगवान कभी झूठ नहीं बोलते हैं वहीं बीजेपी के लोग सिर्फ झूठ बोलते हैं, वह भगवान को ही बेच रहे हैं। उन्होंने डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्य पर पलटवार करते हुए कहा कि वह बड़बोले हैं। मैनपुरी के उपचुनाव में भी वे यहां आए थे। क्षेत्र की जनता ने उन्हें सबक सिखा दिया। आगे भी उनको बताएंगे कि चुनाव कैसे लड़ा जाता है। उन्होंने कहा कि समाजवादी पार्टी से लोग बड़ी संख्या में जुट रहे हैं भारतीय जनता पार्टी के खिलाफ माहौल बन गया है। आने वाले चुनाव में प्रदेश से भाजपा को भगाना है और सपा को लाना है। प्राप्त जानकारी के अनुसार सपा प्रमुख अखिलेश यादव भी मौर्य से नाराज बताए जा रहे हैं। हालांकि अखिलेश ने अब तक इस प्रकरण पर मौन साध रखा है। इधर स्वामी प्रसाद के बहाने भाजपा ने सपा प्रमुख अखिलेश यादव को घेरना शुरू किया है और उनकी चुप्पी पर सवाल उठाए हैं।

# वार्ड नं. 36 की सड़कों को भी विधायकों से मिलकर बनवाने का प्रयास किया जाएगा- राकेश कुमार सिंह



लवकुश ठाकुर
दैनिक क्यूँ न लिखूं सच

भाजपा किसान मोर्चा के पूर्व महानगर अध्यक्ष ठाकुर राकेश कुमार सिंह ने धनीपुर वार्ड नंबर 36 धनीपुर पंचायती घर प्रजापति मोहल्ला का दौरा किया है लोगों की समस्याएं सुनी जनता ने 60 मीटर लंबी 8 फुट चौड़ी रास्ता बताइ उसका निरीक्षण किया गया रास्ता बनवाने की स्थिति में है इस संबंध में अलीगढ़ के लोकप्रिय विधायक माननीय ठाकुर रविंद्र पाल सिंह जी से बातचीत होगी उनसे मिलकर इस समस्या का समाधान कराने का प्रयास पूरा किया जाएगा भाजपा किसान मोर्चा के पूर्व महानगर अध्यक्ष ठाकुर राकेश कुमार सिंह को जनता ने बताया है कि कुछ सरकारी हैंडपंप खराब पड़े हैं री बोरिंग होने हैं इस संबंध में माननीय विधायक जी से बातचीत होगी भाजपा किसान मोर्चा के पूर्व महानगर अध्यक्ष ठाकुर राकेश कुमार सिंह बराबर महानगर क्षेत्र का दौरा कर रहे हैं वार्ड नंबर 36 धनीपुर में लगातार संपर्क कर रहे हैं जनता की समस्याएं सुन रहे हैं इन समस्याओं को क्षेत्रीय विधायकों को भी अवगत करा दिया जाएगा उनसे मिलकर ही समस्या का समाधान हो पाएगा अति शीघ्र माननीय विधायक ठाकुर रविंद्र पाल सिंह माननीय विधायक अनिल पाराशर जी से मुलाकात होगी और समस्या से उनको अवगत कराया जाएगा उस समस्याएं ऐसी हैं जनता चाहती या अभी अभी उनका निवारण हो बैठकर बातचीत होगी भाजपा किसान मोर्चा के पूर्व महानगर अध्यक्ष ठाकुर राकेश कुमार सिंह ने कहा है कि हर विधानसभा में विकास कार्य तेजी से हो रहे हैं कोई सड़क कोई गली अछूती नहीं रहेगी माननीय सभी विधायक लगातार विकास कार्य करा रहे हैं इतना विकास कार्य किसी भी सरकार में नहीं हुआ इन सड़कों को भी क्षेत्र विधायकों को दिया जाएगा अति शीघ्र बनवाने का प्रयास किया जाएगा

## पुरानी पेंशन बहाली को लेकर प्रधान डाक कर्मियों ने किया धरना प्रदर्शन




निशाकांत शर्मा
दैनिक क्यूँ न लिखूं सच

एटा -पुरानी पेंशन बहाली को लेकर प्रधान डाक कर्मियों ने किया धरना प्रदर्शन,धरना प्रदर्शन करते हुए प्रधानमंत्री को संदेश देने का किया प्रयास, 60 वर्ष से विभाग को सेवाएं देने के बाद बुढ़ापे का सहारा पेंशन देने में सरकार क्यों रही है आनाकानी - रणवीर सिंह मंडलीय सचिव सरकार में अगर पुरानी पेंशन बहाली को लेकर जल्द नहीं लिया प्रयास तो 2024 के लोकसभा चुनाव में भारी कीमत चुकानी पड़ेगी- मंडलीय सचिव एटा कोतवाली नगर क्षेत्र के कचहरी रोड स्थित प्रधान डाकघर का मामला

दैनिक अखबार क्यूँ न लिखूँ सच को जिला एवं तहसील स्तर पर ब्योरो संवाददाता व विज्ञापन प्रतिनिधि चाहिए
9027776991
knlslive@gmail.com

# बेखौफ सड़कों पर दौड़ रही है एटा से अलीगंज रोडवेज कलर की प्राइवेट बसें




निशाकांत शर्मा
दैनिक क्यूँ न लिखूं सच

एटा -बेखौफ सड़कों पर दौड़ रही है एटा से अलीगंज रोडवेज कलर की प्राइवेट बसें खबर कोतवाली नगर क्षेत्र के अंतर्गत शहर के अलीगंज तिराहा की एटा आज दिनांक 23 जनवरी 2023 जनपद एटा अलीगंज तिराहे पर पुलिस के सरक्षण में खुलेआम चल रही हैँ रोडवेज कलर में रंगी ग्गेमारी बसें जनपद में डग्गेमारी रुकने का नाम नहीं ले रही चंद पैसों की खातिर पुलिस कर्मी रोड पर खुले चलवा रहे हैं रोडवेज कलर की डग्गेमारी बसें उत्तर प्रदेश पुलिस पर सवालिया निशान भृष्ट पुलिस कर्मी नहीं मान रहे

वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देश वरिष्ठ अधिकारी इन भ्रस्ट पुलिस कर्मियों के कब कसेगें नकेल या अधिकारी नकेल कसने में हो रहे नाकाम। योगी राज में उत्तर प्रदेश पुलिस बे लगाम। आला अधिकारी मस्त जनता तृस्त जब रक्षक ही भक्षक बन जाये तब रक्षा की उम्मीद किससे की जाय। यह पूरा मामला थाना कोतवाली नगर क्षेत्र के अंतर्गत अलीगंज तिराहे का है

# एक साथ रहने के लिए राजी किया गया



निशाकांत शर्मा
दैनिक क्यूँ न लिखूं सच

एटा -सराहनीय कार्य परिवार परामर्श केंद्र एटा वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक श्री उदय शंकर के निर्देशन में महिला थाना कैंपस नारी उत्थान केंद्र में संचालित परिवार परामर्श केंद्र दिनांक 24/1/2023 आपसी मतभेदों के कारण टूटने की कगार पर एक खड़े परिवारों को समझा कर फिर से एक साथ रहने के लिए राजी किया गया।

आकृति शर्मा पुत्री शिव सेवक शर्मा निवासी कुठीला लायकपुर थाना कोतवाली देहात जिला एटा। प्रतिवादी-- अमन कुमार पुत्र सुरेश चंद्र शर्मा निवासी गढवाला थाना पिलुआ जिला एटा। आपसी मतभेदों के कारण परिवार परामर्श केंद्र में पत्रावली प्रचलित थी दोनों परिवारों को परिवार परामर्श केंद्र में काउंसलिंग कर समझाया गया दोनों अपनी पिछली गलतियों को मानते हुए साथ रहने के लिए राजी हुए। आज की बैठक में प्रभारी निरीक्षक ब्रह्मवती,काउंसलर डॉ अनिल कुलश्रेष्ठ, पुलिस स्टाफ हेड कांस्टेबल मिथलेश,पूजा मौजूद रहे।

# गणतंत्र दिवस पर शराब की दुकानें रहेंगी बन्द-जिला मजिस्ट्रेट

प्रेमचंद जायसवाल
दैनिक क्यूँ न लिखूं सच

श्रावस्ती- जिला मजिस्ट्रेट नेहा प्रकाश ने निर्देश दिया है कि उत्तर प्रदेश आबकारी प्राविधानुसार आबकारी दुकानों की बन्दी के क्रम मे गणतन्त्र दिवस के अवसर पर जनपद की समस्त देशी शराब, विदेशी मदिरा, बीयर व भॉग की दुकानें तथा देशी/विदेशी मदिरा व बीयर के थोक अनुज्ञापन बन्द रहेगें। बन्दी के फलस्वरूप अनुज्ञापियों को कोई प्रतिफल देय नही होगा। जिला मजिस्ट्रेट ने जिला आबकारी अधिकारी को निर्देश दिया है कि जनपद में भ्रमणशील रहकर आबकारी निरीक्षकों के माध्यम से दुकानों की बन्दी सुनिश्चित करेगें।

# स्वच्छ भारत मिशन की उड़ाई जा रही है धज्जियां




लंकीन प्रसाद वर्मा
दैनिक क्यूँ न लिखूं सच

श्रावस्ती- ग्राम पंचायत ओदाही मैं बना सामुदायिक शौचालय बना खिलौना श्रावस्ती विकासखंड जमुनहा के अंतर्गत ग्राम पंचायत ओदाही में बना समुदाय शौचालय करीब 3 वर्ष से पूर्व कोई मरम्मत नहीं हुआ है कुछ ग्रामीणों से जानकारी लेने पर पता चला है कि ग्राम प्रधान सोडर आज तक देखने तक नहीं आए हैं वहीं पर आपको बता दें कि सामुदायिक शौचालय सीट ना जीवनी पर पानी का व्यवस्था ना होने पर ग्रामीणों नहीं आ रहे हैं इसका सूचना दिया गया प्रधान को उन्होंने बताया है कि इसके जिम्मेदार हम नहीं हैं

# सिरफिरे पिता ने 04 बच्चे नहर में फैंके तीन बचाए गए , एक लापता

निशाकांत शर्मा
दैनिक क्यूँ न लिखूं सच

एटा -सिरफिरे पिता ने 04 बच्चे नहर में फैंके । तीन बचाए गए , एक लापता। कासगंज।आज उस समय आसपास खलबली मच गई जब एक सिरफिरे पिता ने अपने चार बच्चों को पूरी भरी हुई गोरहा नहर में फैंक दिया , थाना सहावर के गांव खितौली के पास हुई घटना में आसपास के लोगों ने तुरंत नहर में कूद कर तीन बच्चों को बचा लिया लेकिन तीसरा तेज़ बहाव में बह गया । आरोपी पुष्पेन्द्र पुत्र सूरज पाल थाना अमांपुर के गांव तेज़पुरा का निवासी बताया जाता है अपर पुलिस अधीक्षक जितेन्द्र दुबे ने बताया कि पुष्पेन्द्र को पुलिस हिरासत में लेकर मामले की गंभीरता से मालूमात की जा रही है , साथ ही बच्चे को भी तलाशा जा रहा है।

# मुठभेड़ में गौ-तस्कर का सरगना एक बदमाश जिसके पैर में लगी गोली



निशाकांत शर्मा
दैनिक क्यूँ न लिखूं सच

एटा -जनपद के थाना देहात कोतवाली क्षेत्र के अन्तर्गत आगरा रोड़ स्थित जावड़ा पुलिस चौकी नहर के पास पुलिस और गौ तस्कर बदमाशों के बीच हुई मुठभेड़ में गौ-तस्कर का सरगना एक बदमाश जिसके पैर में लगी गोली। घायल बदमाश को उपचार हेतु रानी अवंती बाई मेडीकल कॉलेज के इमरजेंजी वार्ड में भर्ती कराया गया। उक्त घटना में बताते हैं कि एक बैगन आर कार में 5 गौ तस्कर थे जिनमे से एक बदमाश के पैर में गोली लगी है। मौके से एक वैगन आर कार, गौ तस्करी उपकरण, गौ तस्कर सरगना के चार अन्य साथियों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। सभी आरोपी मेरठ के इंचौली थाना छेत्र के खरदौनी गांव के रहने वाले बताए जा रहे हैं। एक तमंचा, 1 खोखा दो जिन्दा कारतूस बरामद जनपद के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक उदय शंकर सिंह और नगर सीओ राजकुमार भारी पुलिस फ़ोर्स के साथ पहुंचे